## रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

**भरतपुर** (निस)। लायंस क्लब भरतपुर डायमंड द्वारा होटल ईगल नेस्ट में नव वर्ष मिलन समारोह मनाया गया। कार्यक्रम संयोजक कपिल गुप्ता ने बताया कि क्लब द्वारा नव वर्ष मिलन समारोह बडे ही धूम धाम से मनाया गया।

जिसमें रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। गायक प्रदीप ने अपने सुरीले गानों से उपस्थित सभी सदस्यों को रोमांचित कर दिया तथा सदस्यों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर क्लब सदस्यों की शादी की वर्ष गांठ भी मनाई गई।

क्लब अध्यक्ष सुरेश सुनार ने इस नवीन वर्ष में जरूरत मंद लोगों की सहायता और अधिक करने का प्रकल्प लिया।

आगामी महीनों में फूड फॉर हंगर कार्यक्रम के तहत भोजन वितरण, विभिन्न मेडिकल कैंप का आयोजन, चार्टर नाइट आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में राकेश गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, राजेन्द्र सिंघल, शिवलहरी शर्मा, विष्णु गोयल, शंकर गुप्ता, पंकज बंसल, रमेश गर्ग, हरिओम बंसल, सुशील कंसल के अलावा बड़ी संख्या क्लब सदस्य सपरिवार उपस्थित रहे।

क्लब एडमिनिस्ट्रेटर राकेश गुप्ता ने बताया कि शनिवार को आरबीएम हॉस्पिटल अन्नपूर्णा रसोई में जरूरत मंद लोगों को प्रातः 10 बजे से भोजन वितरण किया जाएगा।

# किसान सभा में पांचना बांध के पानी का बटवारा करने की मांग उठाई

**भरतपुर** (निस)। सिंचाई पानी से जुड़े मुद्दों को लेकर शुक्रवार को निकटवर्ती ग्राम पिचूना और बहरावली मदरियापुरा में अनेक गाँवों के किसानों की सभा आयोजित हुई। जिसमें सभी किसानों ने पांचना बाँध के पानी का बँटबारा करने

- **पिचूना और बहराबली में हुई किसानों की सभा, पंडित रामकिशन और इन्दल सिंह का हुआ सम्मान**
- **सभा में वक्ताओं ने किसानों की विभिन्न मांगों पर की चर्चा**




**भरतपुर में किसानों की सभा को पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन ( बीच में ) ने सम्बोधित किया।**

तथा बाणगंगा नदी को गम्भीर से जोड़ने की सरकार से माँग की। किसानों ने एकजुट होकर इआरसीपी-पीकेसी के प्रथम चरण में ही भरतपुर की सूखी पड़ी नदियों को जोडकर पानी पहुंचाने की जरूरत बताते हुऐ कहा कि बगैर पानी के स्थाई समाधान के खेती बर्बाद हो रही है। सभी किसानों ने तय किया कि अगर जरूरत पड़ेगी तो सभी मिलकर पानी और रोजगार के लिये संघर्ष करेंगे। जनसभा में भरतपुर के पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन ने कहा कि आजादी मिलने के बाद देश भर में अधिकांशतय गरीब परिवारों के लोग सरपंच से लेकर लोकसभा तक के चुनावों में करीब तीन दशक तक जीत कर आते रहे थे लेकिन आज भ्रष्टाचार के कारण चुनाव इतने मंहगे हो गये है कि अधिकांश लोग तो अब चुनाब लड़ ही नहीं सकते। पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन ने कहा कि जब पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे 13 जिलो को इआरसीपी की योजना बना सकती है तो फिर वर्तमान मुख्यमंत्री दो नदियों को आपस में क्यों नहीं जोड़ सकते। उन्होंने कहा कि वाणगंगा नदी को गम्भीर से जोड़ने में कोई परेशानी और कानूनी अडचन नहीं है, किसी दूसरे राज्य की भी दखल नहीं है, इन दोनों नदियों को तो अपने भरतपुर जिले में जोड़ने का जरूरत है। सभा में किसान नेता इन्दल सिंह जाट ने कहा कि अन्य जिलों के मुकावले भरतपुर जिला विकास के हर मापदण्ड में लगातार पिछडता जा रहा है, यहाँ खेत को सिंचाई का पानी नहीं और नौजवान बेरोजगार घूम रहे है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और टीटीजेड को समाप्त करने की जरूर बताते हुऐ कहा कि एनसीआर से लाभ नहीं है उल्टे जनता को तरह तरह के टैक्सों का नुकसान भुगतना पड़ रहा है।

## शिवानी सम्मानित

**भरतपुर** (निस)। रामेश्वरी देवी राजकीय कन्या महाविद्यालय, भरतपुर में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान के आदेशानुसार 27 से 31 जनवरी तक मनाए जा रहे खेल व सांस्कृतिक सप्ताह के अंतर्गत 31 जनवरी को सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति के तत्त्वावधान में एकल नृत्य एवं सामूहिक नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ सुजाता चौहान ने कार्यक्रम में छात्राओं के उत्साह को देखते हुए हर्ष व्यक्त किया।

अकादमी प्रभारी डॉ करुणा गौर ने कहा कि गायन, वादन, नृत्य आदि छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी रही छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य प्रो चौहान व सांस्कृतिक समिति प्रभारी डॉ रजनी वशिष्ठ द्वारा स्नातक प्रथम सेमेस्टर की छात्रा शिवानी पुत्री हरिकिशन को सम्मानित करते हुए उसकी सराहना की। शिवानी को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में हस्तकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय तथा संपूर्ण भरतपुर संभाग को गौरवान्वित करने के उपलक्ष में सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ सरोज तथा धन्यवाद अंशु गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर मान सिंह मीणा आदि संकाय सदस्य व छात्राएं उपस्थित रहे।

# कलश यात्रा के साथ हुए धार्मिक आयोजन

**करौली** । देवनारायण जयंती के अवसर पर करौली के निकटवर्ती टोकेपुरा गांव में स्थित देवनारायण भगवान के मंदिर तक महिलाओ द्वारा कलश यात्रा निकाली गई इस अवसर पर बीधा बाबा,साडू माता कि मूर्तियों का भाजपा नेता सतबीर चंदीला और पूर्व सरपंच भरत सिंह गुर्जर द्वारा पंडितों के मंत्रोचारणों के बीच अनावरण किया गया।

देवनारायण जयंती के अवसर पर यहां के टोकेपूरा गांव में स्थित देवनारायण मंदिर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए इस अवसर पर गुर्जर समाज के द्वारा रसिया दंगल का आयोजन किया गया इससे पूर्व टोंके गांव से 151 महिलाओ द्वारा मंदिर तक डीजे की धुन पर और धार्मिक भजनों पर कलश यात्रा निकाली गई जहां कलश यात्रा पहुंचने के बाद वीधा बाबा और साडू माता की मूर्तियों का भाजपा नेता सतबीर चंदीला, पूर्व सरपंच भरत सिंह गुर्जर, अरुण बैसला, मंदिर कमेटी के वीरेंद्र सिंह, महाराज सिंह, रूप सिंह, गजराज,सूबेदार,पूर्व प्रधान सियाराम गुर्जर आदि पंच पटैलो द्वारा मूर्तियों का पंडितों के मंत्रोचारणों के बीच अनावरण किया गया इस मौके पर गुर्जर समाज के सैकड़ो प्रमुख लोगों सहित सैकड़ो महिलाएं उपस्थित रही और रसिया दंगल आयोजित किया गया जिसमें धार्मिक कथाओं पर मंथन किया गया कार्यक्रम में जुटी भीड़ को संबोधित करते हुए भाजपा नेता चंदीला ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन होते रहने चाहिए जिससे सामाजिक समरसता बढ़ती है।

## शोभायात्रा सफल बनाने पर चर्चा

**भरतपुर** (निस)। खण्डेलवाल महिला मण्डल की बैठक स्थानीय खण्डेलवाल भवन में अध्यक्ष अर्चना खंडेलवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें 2 फरवरी रविवार को संत सुन्दरदास महाराज की शोभायात्रा को सफल बनाने की चर्चा की गई। महामंत्री सोनू खण्डेलवाल ने बताया कि बैठक में शोभायात्रा हेतु महिलाओं की अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदारी दी गई। शोभायात्रा की सह संयोजिका विमलेश पीतलिया द्वारा बताया कि शोभायात्रा में महिलायें बसंती रंग के परिधान पहनकर शामिल होंगीं। बैठक में शोभायात्रा समिति के संयोजक नरेश खण्डेलवाल, युवक संघ के अध्यक्ष रमेशचंद रारह वाले, महामंत्री मुरारी लाल खण्डेलवाल, पूर्व अध्यक्ष हरीशंकर मुसद्दी, आशा मेठी, सीता मेठी, कुसुम, परिता, शामिली, ममता, नेहा, ववीता मेठी, रेनू, अंजू, साधना, महिमा, खुशी, सुमन, आशा, समता, कांता आदि द्वारा भाग लिया।

# सड़क सुरक्षा माह मनाया

**भरतपुर** (निस)। राज्य सरकार एवं परिवहन विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन में जागरूकता एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उददेश्य से इस वर्ष सड़क सुरक्षा माह का आयोजन 1 से 31 जनवरी तक किया गया जिसकी थीम ‘‘परवाह‘‘ रखी गयी।

प्रादेशिक परिवहन अधिकारी पीएल बामनिया ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह 2025 का समापन समारोह प्रादेशिक परिवहन एवं सड़क सुरक्षा कार्यालय भरतपुर में पंकज यादव, वृताधिकारी, भरतपुर के मुख्य आतिथ्य में किया गया, विशिष्ट अतिथि के रूप में वृताधिकारी यातायात नरेन्द्र कुमार एवं उप निदेशक महिला अधिकारिता राजेश कुमार रहे। कार्यक्रम के शुभारम्भ में माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। जिला परिवहन अधिकारी अभय मुदगल द्वारा सड़क सुरक्षा माह 2025 के अन्तर्गत किये गये जन जागरूकता कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा माह के दौरान जिन स्वंय सेवी संस्थाओं एवं विभागों द्वारा जो कार्यक्रम आयोजित किये गये उनके बारे में विस्तार से बताया।

वृताधिकारी पंकज यादव द्वारा यातायात नियमों की पालना करने एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों को अधिक से अधिक चलाने को कहा। नरेन्द्र कुमार द्वारा दुपहिया वाहन चालकों से सदैव हैलमेट के प्रयोग को अनिवार्य बताते हुये इसे दिनचर्या में शामिल करने की बात कही। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी द्वारा उपस्थित आमजन को सड़क पर अनुशासन बनाये रखने की अपील की गयी जिससे संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके। कार्यक्रम में भरतपुर एवं डीग जिले के छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा सम्बन्धी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किये गये। स्वंय सेवी संस्थाओं एवं विभागों जिन्होंने माह के दौरान सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया उन्हें प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थित समस्त आमजन को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम में परिवहन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, ट्रैफिक पुलिस, महिला अधिकारिता विभाग, महुआ भरतपुर एक्सप्रेसवे लिमिटेड के अधिकारी, स्वंय सेवी संस्था माम्स क्लब, भरतपुर रोशनी एवं पी.एन.बी बैंक के अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रोठाामर मनीष शर्मा ने किया।

# भगवान मदन मोहन जी का पटोत्सव मनाया

**करौली** । करौली के आराध्य देव भगवान मदन मोहन मंदिर में शुक्रवार को 277वां पाटोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर में भगवान मदन मोहन का विशेष अभिषेक किया गया और श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन के साथ प्रभु के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वर्तमान मंदिर में भगवान मदन मोहन कि प्रतिमा की स्थापना माघ सुदी 2विक्रम संवत 1805 1748 ईस्वी में हुई थी। करौली के तत्कालीन शासक राजा गोपाल सिंह ने नवनिर्मित मंदिर के मध्य कक्ष में भगवान मदन मोहन,बाएं कक्ष में राधाजी और ललिता सखी तथा दाएं कक्ष में गोपालजी की प्रतिमाओं की स्थापना करवाई थी। प्रतिमाओं की स्थापना गौड़िय संप्रदाय के गोस्वामी सुबल दास द्वारा पंडित गंगाविशन कटारा के मार्गदर्शन में की गई थी। मदन मोहन जी कि प्रतिमा का इतिहास बेहद रोचक है। मुगल बादशाह औरंगजेब कि हिंदू विरोधी नीतियों के कारण 1669 में जब अधिकांश मंदिरों को नष्ट किया जा रहा था तब वृंदावन के कृष्ण भक्त आचार्यों ने पवित्र मूर्तियों को बचाने का प्रयास किया। 1718 में जयपुर नरेश सवाई जयसिंह द्वितीय ने गोविंदजी,गोपीनाथजी और मदन मोहनजी कि प्रतिमाओं को वृंदावन से जयपुर लाने की योजना बनाई। मुगल सम्राट से आवश्यक अनुमति प्राप्त करने के बाद 1723 में इन तीनों विठाहों को राजसी ठाठ-बाट के साथ जयपुर लाया गया और रूप बाग में स्थापित किया गया। उस समय करौली नरेश गोपाल सिंह की बहन राज कंवर का विवाह जयपुर नरेश सवाई जयसिंह से हुआ था।कृष्ण भक्त गोपाल सिंह जी ने जयपुर नरेश को मदन मोहनजी के स्वप्नादेश कि जानकारी देते हुए प्रतिमा को करौली भिजवाने का आठाह किया। आठाह को उन्होंने स्वीकार कर लिया।फाल्गुन कृष्ण चतुर्थी विक्रम संवत 1799 तदनुसार 1742ई को मदन मोहनजी की पालकी को सवाई जयसिंह ने पूजा-अर्चना के बाद करौली के लिए रवाना की।

## ‘लोगों में पर्यावरण के प्रति बढ़ रही है जागरूकता’

**भुसावर भरतपर** (निस)। कृषि महाविद्यालय भुसावर पर ठाामीण उद्यामिता कृषि विकास योजनान्तर्गत कृषि विद्याथियों को गमला भरने की सही विधि बतायी गयी। महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि लोगों में पर्यावरण के प्रति बढती जागरूकता तथा घर को सुन्दर व जीवन्त बनाने के लिए गमलों में पौधे लगाने के प्रति रूचि बढरही है। गमला भरने की सही विधि नही अपनाने से पौधो की वृद्धि बाधित होती है। डॉ. उदय भान सिंह के अनुसार गमले के पैंदे का छेद यदि बन्द है तो किसी पेनी कील या चीज से उसे खोल लें ताकि गमले के पौधे में दिया गया।

# अहिल्याबाई होलकर की जयन्ती पर विशेष व्याख्यान

**भरतपुर** (निस)। अठासेन महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भरतपुर में एनएसएस की संयुक्त ईकाईयों के तत्वाधान में पुण्य श्लोका लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयन्ती पर विशेष व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ गम्भीर सिंह, सोनीला गौड़ (महिला समन्वयक विभाग संयोजिका), कविता गोयल (महिला अध्यक्ष लघु उद्योग भारती) प्रमुख रहे। सोनाली गौड़ ने लोकमाता अहिल्याबाई का परिचय देते हुए बताया कि उन्होंने रामेश्वरम से लेकर वृन्दावन तक मंदिरों का जीर्णोद्धार करवाया। देवी अहिल्याबाई निष्ठावान और कत्तर्त्य परायण चरित्र महिला महाराष्ट्र में ही नही अपितु पूरे देश में लोकप्रिय है। उन्होंने कूटनीति के माध्यम से कई युद्धों को जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महिला समन्वयक विभाग ने लोकमाता अहिल्या बाई की 300वीं जन्म शताब्दी के उपलक्ष में वार्षिक कलैण्डर जारी किया। अंत में डॉ गम्भीर सिंह ने मुख्य अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ केके शर्मा ने किया। इस अवसर पर एनएसएस की संयुक्त ईकाइयों की प्रभारी सहित डॉ सीमा जादौन, डॉ सतीष कुन्तल सहित सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

# चेयरमैन भूतौली ने संघ के एमडी राजेश नारायण पर मनमानी के आरोप लगाये

**भरतपुर** (निस)। दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ (सरस डेयरी) की चेयरमैन सुशीला राजाराम भूतौली ने संघ के एमडी राजेश नारायण पर मनमानी और भ्रष्टाचार करने के खुलेआम आरोप लगाये हैं। शुक्रवार को एक प्रेस वार्ता कर उन्होंने प्रबंध संचालक राजेश नारायण द्वारा की गई अनियमितताओं को मीडिया कर्मियों के सामने रखा। उन्होंने प्रबंध संचालक को तुरंत प्रभाव से हटाने की मांग की। उनके साथ मौजूद सहकारी समितियों के सचिवों ने भी चेयरमैन के आरोपों को सही बताया और प्रबंध संचालक को हटाने की मांग दोहराई। डेयरी चेयरमैन सुशीला राजाराम भूतौली ने कहा कि दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों के दूध का पेमेंट हमेषा एक साथ होता था, लेकिन प्रबंध संचालक राजेष नारायण द्वारा दूध का पेमेन्ट उन्हीं समितियों को किया जा रहा हैं जो उन्हें सुविधा शुल्क दे रही हैं। वे शेष समितियों का भुगतान चार महिनों से नहीं कर रहे हैं। जो समितियां इनकी अनियमितता की शिकायत कर रही हैं उन्हें जबरन बंद किया जा रहा है। उनका भुगतान भी रोका जा रहा है। उन पर दबाव बनाया जा रहा है कि वे 500 रूपयें के स्टाम्प पर यह लिख कर दें कि उन्होंने अब तक दूधिया या वेन्डर का दूध बेचा है। किसान का नहीं। यह सरासर गलत है, सभी समितियां ठाामीण इलाकों की हैं और किसानों का ही दूध बेचती हैं। दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति दीवली के सचिव ने अपने एक ही परिवार से माह अप्रैल 2022 से

- **दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ की चेयरमैन भूतौली ने प्रेस वार्ता की**

फरवरी 2023 तक 236722 लीटर दूध की सप्लाई बताई थी जो जांच में फर्जी पाई गई थी। जबकि डेयरी एमडी राजेष नारायण ने इसे क्लीन चिट दे दी थी। 14 दिसम्बर को डेयरी चेयरमैन ने निरीक्षण के दौरान कई अनियमिततायें पकड़ी थी। 7 दिसम्बर को एक गेट पास से 9590 किठाा स्वीट् मिल्क व्हाईट गंगा फूड प्रा. के नाम से गेट के निकला है। जिसका रिकॉर्ड प्रयोगशाला में देखा गया तो नहीं पाया गया। डिस्पेच नोट देखे गये तो डिस्पेच नोट संख्या 2101 27 नवम्बर से डिस्पेच संख्या 2117 13 दिसम्बर तक उक्त दूध 9590 किठाा का व्हाईट गंगा फूड प्रा. के लिये बेचान नहीं पाया गया। इस बाबत् चिंकी तिवारी प्रयोगषाला सहायक, प्रभारी प्रयोगषाला व पुश्पेन्द्र सिह प्रयोगषाला व प्रबंध संचालक राजेष नारायण जाट से पूछा गया तो कोई संतोश जनक जबाब नहीं दिया गया। यह दूध टैंकर को पुश्पेन्द्र सिंह प्रयोगषाला कर्मी चिंकी कुमारी प्रयोगषाला प्रभारी व प्रबंध संचालक राजेष नारायण जाट ने छल कपट व हेरा फेरी कर बनियत चोरी व्हाईट गंगा फूड प्रा. कम्पनी के मालिक विक्रम सिंह को बेच दिया जिसकी राशि करीब 5,25,000 रूपये होती है।

## सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

**गंगापुर सिटी** । गंगापुर सिटी के निजी आईटीआई संचालकों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को एसोसिएशन ऑफ प्राइवेट आईटीआई सवाई माधोपुर के बैनर तले संचालकों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन राठौड के नाम ज्ञापन सौंपा। संचालकों की प्रमुख मांगों में 2० साल से नहीं बढी फीस को अन्य राज्यों की तरह 26 हजार रुपए प्रतिवर्ष करना, बैंक गारंटी की अनिवार्यता को समाप्त करना और प्रवेश प्रक्रिया2024 को जल्द पूरा करना शामिल है। उन्होंने कहा कि देश के किसी भी राज्य में आईटीआई से बैंक गारंटी नहीं ली जाती, लेकिन राजस्थान में यह अनिवार्य कर दी गई है। संस्थान संचालकों ने वित्तीय संकट का मुद्दा भी उठाया। उनका कहना है कि भवन किराया, स्टाफ वेतन, बिजली-पानी के बिलों का बोझ बढता जा रहा है। सरकार को इनमें छूट देनी चाहिए। साथ ही प्राविधिक शिक्षा निदेशालय द्वारा कोर्स मैपिंग प्रक्रिया को तत्काल पूरा करने की मांग की गई है। एक अन्य गंभीर समस्या पोर्टल से जुडी है। वर्तमान में सरकारी पोर्टल पर प्रवेश पत्र, अंकतालिका और बोर्ड प्रमाण पत्र सीधे अपलोड कर दिए जाते हैं। छात्र बिना संस्थान की सहमति और फीस भुगतान के ही सभी दस्तावेज प्राप्त कर लेते हैं। संचालकों ने मांग की है कि ये दस्तावेज केवल संस्थान के पोर्टल के माध्यम से ही जारी किए जाएं। संचालकों ने 24 दिसंबर 2024 को हुए औचक निरीक्षण को द्वेषपूर्ण बताते हुए आरोप लगाया कि इसके जरिए उन्हें मानसिक रूप से प्रताडित किया जा रहा है।

# हरि कीर्तन दंगल में काव्य रचनाओं की प्रस्तुति ने बांधा समां




**हिण्डौन सिटी क्षेत्र के 220 केवी जीएसएस के पास स्थित शहदगी का पुरा में हरी कीर्तन दंगल का आयोजन किया।**

**हिण्डौन सिटी** । क्षेत्र के 220 केवी जीएसएस के पास स्थित शहदगी का पुरा में हुए हरी कीर्तन दंगल में गायक कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति देकर समां बांध दिया।

आयोजन समिति के बीरबल व रामसिंह ने बताया कि हरि कीर्तन दंगल में क्षेत्र की अलीपुरा, शेखपुरा, पावटियां का पुरा समेत कई गायन पार्टियों ने धार्मिक व पौराणिक कथाओं पर आधारित काव्य रचनाओं की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। भजन कीर्तन सुनकर श्रोता भी मंत्र मुग्ध हो गए। इससे पहले लसन्या सरपंच की चरण पादुका एवं मूर्ति का अनावरण किया गया।

कार्यक्रम में नगर परिषद सभापति बृजेश जाटव, हिंडौन पंचायत समिति प्रधान विनोद कुमार, श्रीमहावीरजी पंचायत समिति प्रधान राजेश कुमारी, लोकसभा चुनाव में भाजपा की प्रत्याशी रही इंदु देवी सहित कई अतिथियों ने शिरकत की। अतिथियों में संबोधित करते हुए कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन से आपसी मेलजोल और भाईचारा बढ़ता है, इसलिए समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए। अतिथियों का कैलाश नगर सरपंच कुम्हेर सिंह, बीरबल व राम सिंह ने साफा -माला पहना कर स्वागत सत्कार किया।

## सार-समाचार

### रामचंद्र शर्मा अध्यक्ष बने



**टोडाभीम उपखंड मुख्यालय पर संचालित तहसील परिसर में डीड राइटर संघ के चुनाव संपन्न हुये।**

**टोडाभीम** । उपखंड मुख्यालय पर संचालित तहसील परिसर में डीड राइटर संघ के चुनाव संपन्न हुये।जिसमें सबसे पहले सभी डीड राइटर एक जगह एकत्रित हुये और सभी ने संघ के चुनाव करने पर विचार विमर्श किया ।और इस पर सर्व सहमति से रामचंद्र शर्मा को अध्यक्ष चुना गया ।तो वही उपाध्यक्ष पद पर कुंजी बिहारी शर्मा को बनाया गया। इस दौरान अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को माला व साफा पहन कर स्वागत किया गया। और इस दौरान सभी को मिठाई भी खिलाई गई। अध्यक्ष रामचंद्र शर्मा ने कहा कि आज मुझे सर्व सहमति से अध्यक्ष चुना गया है ।तो वहीं उपाध्यक्ष पद पर कुंज बिहारी शर्मा को बनाया गया है ।उन्होंने कहा कि जल्द ही कार्यकारिणी का विस्तार करेंगे ।और मेहनत ईमानदारी के साथ संघ की हर समस्या में आगे रहेंगे ।और जो भी मांग संघ हित में होगी ।उनके लिए पुरजोर तरीके से आवाज भी उठाया करेंगे।

### सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं आयोजित

**हिंडौन सिटी** । आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर से प्राप्त निर्देशों की अनुपालना में राजकीय महाविद्यालय हिंडौन सिटी मे महाविद्यालय के विद्यार्थी होने बडे उत्साह से इनमें भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ पप्पू राम कोली ने कहा कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के विकास में इन सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का अत्यधिक महत्व है और सभी विद्यार्थियों को इन सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में भागीदारी करनी चाहिए । सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के संयोजक प्रोफेसर गंगाराम मीणा ने बताया कि आज एकलित समुनित एवं एकल गायन और युगल गायन की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान क्रमशः नेहा मीना, नेहा कुमारी,निमिषा द्वारा प्राप्त किए गए। इसी प्रकार एकल गायन प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान कम से पिया पुजारी सलोनी सेन एवं नेहा सैनी द्वारा प्राप्त किया गया। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में भोली मीना , डॉ श्री निवास गुर्जर एवं सुमित विरेटिया द्वारा निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वाह किया गया। मंच का संचालन डॉक्टर रितेश जैन द्वारा किया गया। श्री निवास गुर्जर ने बताया कि इसके साथ ही आज अंतर्गत महाविद्यालय में देवी अहिल्याबाई का व्यक्तित्व एवं कृतित्व विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया । इस अवसर पर महाविद्यालय में राजू बेनीवाल, ,धीरेंद्र एवं मनोज जोगी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### 20 क्विंटल पॉलिथीन थैलियां जप्त

**करौली** । नगर परिषद कि टीम ने कार्यवाही करते हुए शहर के 13 सस्थानो के चालान काटकर 20 क्विंटल पॉलिथीन जप्त की। नगर परिषद आयुक्त ने बताया कि परिषद क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंधनियंत्रण के दृष्टिगत इसके उपयोगकर्ता,विक्रेता एवं जागरूकता हेतु शुक्रवार को स्वयं के निर्देशन में शिकारगंज चैराहा मंडरायल रोड तथा बर्फ फैक्ट्री के पास कार्यवाही कि गई इस दौरान परिषद के सहायक अभियंता विक्रम मीणा, कनिष्ठ अभियंता चेतन गर्ग, सहायक कर्मचारी अशफाक खान, कार्यवाहक जमादार सीताराम, बबली,राजेंद्र तथा होमगार्ड के जवान साथ रहे जिन्होंने कार्यवाही करते हुए 20 क्विंटल पॉलिथीन कि थैलियां जप्त करते हुए 13 संस्थाओं के विरुद्ध चालान काटा जाकर संस्थाओं से कुल 3200 रुपए कि जुर्माना राशि वसूल कि गई उन्होंने बताया कि आगामी दिवस में भी कार्यवाही जारी रहेगी।

### जर्जर भवन में पढ़ रहे है बच्चे

**गंगापुर सिटी** । राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल बैरवा ढाणी सैवाला के जर्जर भवन की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने शुक्रवार को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी से मुलाकात की। ग्राम संसद शिवाला के अध्यक्ष सुबहसिंह सैमाडा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गायत्री वरमेन्दू को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने स्कूल भवन की गंभीर स्थिति का विवरण देते हुए बताया कि जर्जर भवन के कारण विद्यार्थियों की सुरक्षा को खतरा है और उन्हें पढाई में भी कठिनाइयों का सामना करना पड रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए शिक्षा अधिकारी ने तत्काल कार्रवाई का आश्वासन दिया और एडीपीसी सवाई माधोपुर तथा जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) को रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत शिवाला और बैरवा बस्ती के बडी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों और अभिभावकों ने एकजुट होकर स्कूल भवन के शीघ्र पुनर्निर्माण की मांग की। इस दौरान रामलाल बैरवा, रामबाबू, फत्तू, लक्ष्मण, भरोसी, राधेश्याम, ठंडी राम और धर्मी सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे। सभी का कहना था कि भवन की खस्ता हालत के कारण बच्चों की शिक्षा प्रभावित न हो, इसलिए इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान किया जाए।

### आरोपियों को कोर्ट ने दी सजा

**गंगापुर सिटी** । अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश रेशमा खान ने जानलेवा हमले के मामले में 6 आरोपियों को दोषी करार दिया है। आरोपियों को 1०-1० साल का साधारण कारावास और 2०-2० हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना नहीं चुकाने की स्थिति में आरोपियों को 3 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। एक अक्टूबर 2०13 को गद्दी मिर्जापुर के रहने वाले पीडति के प्लांट में लगी पानी की मोटर को लेकर रंजिश हुई थी। युसुफ, शौकत, बीनू, इल्ली, रहीश और बशीर सहित कुछ महिलाओं ने लाठी, डंडे और तलवार से हमला कर दिया। हमले में पीडति और उसके बच्चे शोयेब को गंभीर चोटें आईं। आरोपियों ने वारदात के दौरान पीडति का कंप्यूटर, घडी और 2० हजार रुपए भी लूट लिए थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया और मामला दर्ज कर जांच शुरू की। अपर लोक अभियोजक घनश्याम सिंह ने बताया कि अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सभी छह आरोपियों यूसुफ, शौकत, बीनू, इल्ली, रहीश और बशीर को दोषी पाया।

### दुकानदार हुआ बेहोश

**गंगापुर सिटी** । सब्जी मण्डी तिरोह पर नारी ब्रेकरी की दुकान में देर रात पौने चार बजे करीब अज्ञात कारणो से आग लग गई। अचानक लगी ने विकराल रूप ले लिया जिसमें दुकान में रखा सभी सामान जल कर राख हो गया एंव आग की भभक से मकान की चिरी टूट कर गिर गई। गनीमत ये रही कि कोई भी जनहानि नहीं हुई। कोतवाली थानाधिकारी करण सिंह राठौर ने बताया कि कोतवाली थाने के पास स्थित नारी बेकरी में बुधवार को अचानक आग लग गई। दुकान में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। सुबह साढे तीन बजे गश्ती दल की गाडी गश्त कर थाने के लिए आई तो उन्हे दूर से आग की लपट उठती देखी जिसकी सूचना उन्होने दमकल व उच्चाधिकारियो को दी। पुलिस की सूचना पर ही मकान मालिक व दुकानदार आया। दुकान में आग की उठती लपट देख कर दुकानदार बेहोश हो गया। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्त के बाद स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। आसपास के दुकानदारों ने बताया कि किशन सिंधी महज दो दिन पहले ही दिल्ली से करीब 2 लाख रुपए की टॉफी और अन्य सामान लेकर आए थे। आग में दुकान के 3 नए डी-फ्रीजर, 2 माइक्रोवेव, एक टोस्टर मशीन समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान जल गया। दुकान की 4-5 पट्टियां भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। आग की चपेट में आने से आसपास की दुकानों के बिजली मीटर और वायरिंग भी जल गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो यह एक बडे हादसे का कारण बन सकता था। अभी तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।